# निगम क्षेत्र से अयोध्या धाम के लिए 7 श्रद्वालू हुए प्रस्थान

भिलाईनगर। सरकार द्वारा नागरिको को श्री रामलला दर्शन कराने निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत विशेष ट्रेन यात्रियों को अयोध्या भगवान राम के दर्शन हेतु भेजा जा रहा है। जिससे नागरिकों को आसानी से भगवान के दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में निगम परिसर से 7 श्रद्वालू श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किये। श्रद्वालूओं में राकेश मरकाम, कविता, रूखमणी यादव, रामबाई यादव, लुकेश कुमार, गीता देशमुख एवं अलिभा मोहन्ती शामिल है। इनके साथ सहयोगी के रूप में निगम से शशिभूषण मोहंती सहायक गेड–3 को अनुरक्षक बनाकर भेजा गया है। इन सभी श्रद्वालुओं को निगम के बस से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया गया है। जहां से वह योजना के तहत संचालित रेल के माध्यम से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगें। इससे पूर्व श्रद्वालुओं का फूल–माला और तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हे सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, समाज कल्याण विभाग से त्रिलोक ताम्रकार, सूखराम यादव उपस्थित रहे।

